**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।**
**संख्या-30/04/25/चार/आयोग/2021**
**लखनऊ दिनांक- 10 फरवरी, 2023**

**आवश्यक सूचना**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- 09-परीक्षा/2022, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2021)/09 के अंतर्गत अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के कुल 62 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से दिनांकः 19-12-2022 से 08-01-2023 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। विज्ञापन के प्रस्तर- 10 में उल्लेख किया गया था कि प्रश्नगत पदों की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम के संबंध में आयोग की वेबसाइट पर यथासमय सूचित किया जायेगा। तद्क्रम में अभ्यर्थियों के सूचनार्थ कनिष्ठ सहायक की लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम निम्नवत है-

**कनिष्ठ सहायक की लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम**

लिखित परीक्षा एक पाली की होगी, जिसमें प्रश्नों की कुल संख्या- 100 तथा समयावधि 120 मिनट (दो घंटे) होगी। परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुवैकल्पिक प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। लिखित परीक्षा हेतु ऋणात्मक अंक (नेगेटिव मार्किंग) दिए जायेंगे, जो प्रत्येक गलत उत्तर पर उस प्रश्न के पूर्णांक का ¼ अर्थात 25 प्रतिशत अंक होंगे।

लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम निम्न प्रकार होंगे-

**परीक्षा योजना**

**वस्तुनिष्ठ प्रकार की लिखित परीक्षा** **100 अंक**

परीक्षा के विषय, अधिकतम अंक और दिया गया समय नीचे दिये गये विवरण के अनुसार होगा-

| क्रमांक | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| भाग-1 | हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता | 30 | 30 | 120 मिनट (दो घण्टे) की अवधि का संयुक्त प्रश्नपत्र |
| भाग-2 | सामान्य बुद्धि परीक्षण | 25 | 25 | |
| भाग-3 | सामान्य जानकारी | 25 | 25 | |
| भाग-4 | अवस्थापना व औद्योगिक विकास सम्बन्धित विषयगत ज्ञान | 20 | 20 | |
| | **कुल योग** | **100** | **100** | |

**नोट-** उपर्युक्त परीक्षा हेतु निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंक) दिये जाने का प्राविधान है, जो सही प्रश्न के अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगी।

**पाठ्यक्रम**

**भाग-1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता**

उम्मीदवारों से हिन्दी भाषा का ज्ञान तथा उनके समझ एवं लेखन की योग्यता के परीक्षण हेतु प्रश्न पूछें जायेंगे। (यह प्रश्नपत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 के हाईस्कूल परीक्षा के स्तर का होगा)

**भाग-2 सामान्य बुद्धि परीक्षण**

इस परीक्षण का उद्देश्य किसी नई परिस्थिति के समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण तथा पहचान करने तथा तर्क करने की योग्यता को मापना है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न होंगे, जो अनुदेशां को समझने, सम्बन्धों, समानताओं तथा संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने और इसी प्रकार की बौद्धिक क्रियाओं पर आधारित होंगे।

**भाग-3 सामान्य जानकारी**

प्रश्नपत्र का यह भाग उम्मीदवारों की चारों ओर के वातावरण के बारे में उसकी सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके इस्तेमाल के बारे में उसकी योग्यता के आंकने के लिए है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न भी रखे जायेंगे जिनसे ऐसी

SarkariResult.Com

समसामयिक घटनाओं तथा प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों जिनमें ऐतिहासिक एवं भौगोलिक तथ्य भी सम्मिलित हो सकते हैं (विशेष कर भारत से सम्बन्धित) एवं उनके वैज्ञानिक पहलुओं का ज्ञान आंका जा सके, जिसकी किसी भी शिक्षित व्यक्ति से आशा की जा सकती है।

**भाग-4 अवस्थापना व औद्योगिक विकास संबंधित विषयगत ज्ञान**

प्रश्नपत्र का यह भाग उम्मीदवारों से पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण,उ0प्र0 औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की आधारभूत संरचना एवं उससे संबंधित जानकारी, व्यवसाय अध्ययन (**Business Studies**) की सामान्य जानकारी (शेयर्स, पार्टनरशिप , डिबेन्चर्स, पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप, एम0ओ0यू0, जोईन्ट वेंचर्स आदि) की अपेक्षा करता है।

10/02/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

SarkariResult.Com